an>

Title: Regarding setting up a medical research centre finding the reason behind spreading of Japani Encephalitis and Acute Encephalities Syndrome and treatment of the disease.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): अध्यक्ष महोदया, मैं आपका अत्यंत आभारी हूं कि आपने मुझे लोक महत्व के तात्कालिक विषय पर बोलने की मुझे अनुमति दी है।

महोदया, केवल इस वर्ष में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में जापानी इनसेफ्लाटिस और एक्यूट इनसेफ्लाइटिस सिंड्रोम के 349 बच्चे एडमिट हुए। बदकिस्मती है कि उस मेडिकल कॉलेज की छत के नीचे 88 बच्चों की मौत हो गयी और जो बच्चे बच गए, वह विकलांग हो गए हैं। उनके लिए जो फिजीकल-मैंटल रिहेब्लीटेशन सेंटर (पीएमआर) होना चाहिए, उसके लिए पांच करोड़ रुपये भारत सरकार की तरफ से गया भी है। लेकिन दो वÂाऩ हो गए हैं, अभी तक उसका निर्माण नहीं हुआ है। वह बच्चे गरीब मां-बाप पर बोझ हो रहे हैं, अभिशाप हो रहे हैं। आज तक एक्यूट इनसेफ्लाटिस का कारण पता नहीं चल सका है कि यह किस वायरस या वायरल से होता है। इसके लिए एक रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर की स्थापना की जाए। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से विनमृतापूर्वक अनुरोध करना चाहता हूं कि अब यह बीमारी केवल यूपी में ही नहीं है, बल्कि बिहार और बंगाल में भी है। मंत्री जी ने आज बड़े विस्तार से इस बीमारी से हुई मौतों का आंकड़ा दिया है। मैं आपके माध्यम से सरकार से चाहता हूं कि इस बीमारी के कारणों का पता लगाने और इसकी रोकथाम के लिए एक मेडिकल रिसर्च सेंटर की स्थापना की जाए।

HON. SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Jagdambika Pal.